सागर (क्षेत्र में सभी के लिये सुरक्षा और विकास) विज़न

//

सागर (क्षेत्र में सभी के लिये सुरक्षा और विकास) विज़न

इस पहल को हिंद महासागर क्षेत्र में सहयोग, क्षेत्रीय सुरक्षा तथा सतत् विकास को सुनिश्चित करने के क्रम में वर्ष 2015 में शुरू किया गया।

मूल सिद्धांत

- आपसी विश्वास, समुद्री मानदंडों के प्रति सम्मान, क्षेत्रीय संवेदनशीलता, शांतिपूर्ण विवाद समाधान तथा सहयोग को बढ़ावा देना
- भारत की एक्ट ईस्ट नीति एवं पड़ोसी प्रथम नीति को समर्थन देना

भारत के लिये हिंद महासागर क्षेत्र का महत्त्व:

- आर्थिक: मात्रा के अनुसार भारत का 95% व्यापार एवं मूल्य के अनुसार 68% व्यापार हिंद महासागर क्षेत्र से होता है
- सामरिक लाभ: प्रमुख समुद्री अवरोध बिंदुओं (जैसे मलक्का जलडमरूमध्य) पर नियंत्रण मिलने से व्यापार सुरक्षा को बढ़ावा मिलता है
- रक्षा कवच: समुद्री डकैती और खतरों के खिलाफ नौसेना सुरक्षा को बढ़ावा मिलता है
- क्षेत्रीय प्रभाव: दक्षिण एशिया एवं हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की भूमिका को मज़बूत करता है

सागर विज़न के अनुरूप भारत की प्रमुख पहल

एकीकृत तटीय निगरानी प्रणाली:

हिंद महासागर के देशों (जैसे, मालदीव) में तटीय रडार प्रणाली

बंदरगाह एवं अवसंरचना परियोजनाएँ:

श्रीलंका, मॉरीशस, सेशेल्स और म्यांमार जैसे पड़ोसी देशों में बंदरगाह सुविधाओं का विकास करना

नौसेना साझेदारी:

श्रीलंका, मालदीव, मॉरीशस और सेशेल्स के साथ

└ हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत-इंडोनेशिया समुद्री सहयोग का साझा दृष्टिकोण

सहयोगात्मक तंत्र:

हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (IORA) और हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी (IONS) जैसे मंचों के माध्यम से समुद्री सहयोग

बंदरगाह एवं अवसंरचना परियोजनाएँ:

मालदीव जैसे पड़ोसी देशों में बंदरगाह सुविधाओं का विकास करना

परियोजना 'मौसम'

यह हिंद महासागर पर मानसूनी हवाओं के प्रभाव का पता लगाने के साथ समुद्री मार्गों के संबंध में ज्ञान, परंपराओं, प्रौद्योगिकियों एवं विचारों का प्रसार करने पर केंद्रित है।

आपदा प्रतिक्रिया और मानवीय सहायता

मिशन सागर (2020): मालदीव, मॉरीशस, मेडागास्कर, कोमोरोस और सेशेल्स सहित हिंद महासागर के तटीय राज्यों को COVID-19 सहायता

ऑपरेशन नीर: भारत द्वारा मालदीव को पेयजल उपलब्ध कराया गया

MV वाकाशियो तेल रिसाव (2020): मॉरीशस को 30 टन तकनीकी उपकरण की आपूर्ति की गई

MT न्यू डायमंड अग्नि घटना (2020): भारतीय तटरक्षक बल ने अग्निशमन में श्रीलंका की सहायता की

सूचना समन्वय केंद्र-IOR

यह समुद्री यातायात एवं खतरों पर निगरानी रखने के साथ वास्तविक समय में जानकारी साझा करने पर केंद्रित है

और पढ़ें: सागर संपर्क

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sagar-security-and-growth-for-all-in-the-region-vision